WWW.SARKARIRESULT.COM
Sarkari Result नाम से मिलती–जुलती फर्जी Website से सावधान रहे हमेशा Type करे WWW.SARKARIRESULT.COM

# UP Police SI / ASI Clerk, Account Exam Syllabus

**पुरूषों के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2016 तथा महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2016 की चयन प्रकिया के अन्तर्गत ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन।**

**सूचना / विज्ञप्ति**

संख्याःपीआरपीबी–अनु–6–प–03 / 2017 दिनांकःसितम्बर 01 ,2017

1– पुरूषों के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2016 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) के 136, पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लिपिक) के 303 एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लेखा) के 170 रिक्त पदों को भरने के लिए पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– इसी प्रकार महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा में सीधी भर्ती–2016 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय) के 34, पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लिपिक) के 75 एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लेखा) के 42 रिक्त पदों को भरने के लिए महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

3– इस भर्ती प्रकिया में लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा, कम्प्यूटर टंकण एवं आशुलिपि परीक्षा और चयन तथा अन्तिम योग्यता सूची के चरण निर्धारित हैं।

4– लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार का चार अलग–अलग विषयों का एक प्रश्नपत्र होगा। लिखित परीक्षा के इस प्रश्नपत्र की संरचना निम्नवत होगी:–

| विषय | | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| विषय–1 | क–सामान्य हिन्दी<br>ख–कम्प्यूटर ज्ञान | 50 | 100 | 2.30 घण्टा Composite Time |
| विषय–2 | क– सामान्य जागरूकता<br>ख– सामयिक विषय | 50 | 100 | |
| विषय–3 | क–संख्यात्मक योग्यता परीक्षा<br>ख–मानसिक योग्यता परीक्षा | 50 | 100 | |
| विषय–4 | क–मानसिक अभिरूचि परीक्षा<br>ख–बुद्धिलब्धि परीक्षा<br>ग–तार्किक परीक्षा | 50 | 100 | |
| प्रत्येक प्रश्न 2.00 अंक | | कुल प्रश्न 200 | कुल अंक 400 | 2.30 घण्टा |

5– प्रश्नपत्र में कुल 200 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये जायेगे। इनमें से अभ्यर्थी जिस उत्तर को सही समझते हो चुन लें। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक ही उत्तर चुनें तथा तदनुसार ऑनलाइन उत्तर भरें।

SarkariResult.Com
Free Mobile Apps
Download from Windows Store
Available on the App Store
GET IT ON Google play
twitter facebook